**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**07.02.2024 के**

**तारांकित प्रश्न सं. 76 का उत्तर**

**अमृत भारत स्टेशन योजना**

***76. श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:**
**श्री भर्तृहरि महताब:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या भारतीय रेल ने अमृत भारत स्टेशन योजना नामक एक नया कार्यक्रम शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;**

**(ख) अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले चरण के लिए चयनित स्टेशनों के चयन के क्या मानदंड हैं;**

**(ग) इस योजना के अंतर्गत आबंटित निधियों का आन्ध्र प्रदेश और ओडिशा सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;**

**(घ) दिव्यांगजनों के लिए रेल अवसंरचना की सुलभता में सुधार लाने हेतु किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;**

**(ङ) रेल अवसंरचना को और अधिक संवहनीय बनाने की दिशा में किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और**

**(च) इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु आन्ध्र प्रदेश और ओडिशा राज्यों में चिह्नित रेलवे स्टेशनों का ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

**अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में दिनांक 07.02.2024 को लोक सभा में श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी और श्री भर्तृहरि महताब के तारांकित प्रश्न सं. 76 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (च):** भारतीय रेल द्वारा रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। इस योजना में दीर्घकालिक विधि के साथ सतत आधार पर रेलवे स्टेशनों के विकास की संकल्पना की गई है।

इसमें प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर आवश्यकता को देखते हुए मास्टर प्लान तैयार करना और रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं जैसे रेलवे स्टेशन तक पहुंच, परिचलन क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय में यथा आवश्यक सुधार, आवश्यकता के अनसुार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामोदिष्ट स्थान, भूदृश्य निर्माण आदि में सुधार लाने के लिए उनका चरणबद्ध कार्यान्वयन शामिल है।

इस योजना में लंबी अवधि के दौरान रेलवे स्टेशन इमारत में सुधार, रेलवे स्टेशन का शहर की दोनों तरफ के साथ एकीकरण, मल्टी-मोडाल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों की व्यवस्था, आवश्यकता, चरणबद्धता एवं व्यवहार्यता के अनुसार 'रूफ प्लाजा', और रेलवे स्टेशन पर सिटी सेन्टर्स के निर्माण की संकल्पना की गई है।

इस योजना में धन की उपलब्धता और मौजूदा परिसंपत्तियों की दशा के अनुसार उत्तरोत्तर दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधानों को अपनाने की संकल्पना की गई है।

रेल मंत्रालय ने दिव्यांगजनों और कम गतिशील यात्रियों के लिए भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों तक सुगम्यता और रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं और इन्हें दिनांक 13.11.2023 को भारत के राजपत्र में भी अधिसूचित किया गया है।

भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों का उन्नयन/आधुनिकीकरण करना सतत एवं चलायमान प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्यों को परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन आवश्यकता के अनुसार शुरू किया जाता है।

अभी तक अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय रेलों, बड़े शहरों और कस्बों में स्थित रेलवे स्टेशनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर 1318 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु चिह्नित आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्य में रेलवे स्टेशनों के नाम परिशिष्ट के रूप में संलग्न हैं।

रेलवे स्टेशनों के विकास और अनुरक्षण हेतु आवंटन और व्यय का विवरण क्षेत्रीय रेल-वार रखा जाता है, न कि राज्य-वार या स्टेशन-वार या योजना-वार। रेलवे स्टेशनों के विकास और यात्री सुविधाओं की व्यवस्था का वित्तपोषण आम तौर पर योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएं' के अंतर्गत किया जाता है। वर्ष 2023-24 के दौरान योजना शीर्ष-53 के अंतर्गत कुल ₹9618.22 करोड़ (सं.अ.) का आबंटन किया गया है।

*****

अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में दिनांक 07.02.2024 को लोक सभा में श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी और श्री भर्तृहरि महताब के तारांकित प्रश्न सं. 76 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।

आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्यों में रेलवे स्टेशनों के नाम इस प्रकार हैं:-

| क्र.सं. | राज्य | रेलवे स्टेशनों का नाम |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | अडोनी, अनकापल्ले, अनंतपुर, अनपर्ति, अरकू, बापटला, भीमावरम टाउन, बोब्बिली जंक्शन, चिपुरुपल्ली, चिराला, चित्तूर, कड़पा, कंबम, धर्मावरम, डोन, दोनकोंडा, दुव्वाडा, एलंमचिली, एलुरु, गिद्दलूर, गूती, गुडिवाड़ा, गुडुर, गुणढ़ला, गुंटूर, हिंदूपुर, इच्छपुरम, कादिरी, काकीनाडा टाउन, कोत्तवलासा, कुप्पम, कुरनूल सिटी, माचेर्ला, मचिलीपट्टणम, मदनपल्ली रोड, मंगलगिरी, मार्कापूर रोड, मंत्रालयम रोड, नादिकुडि जंक्शन, नंद्याल, नरसारावपेट, नरसापुर, नौपाड़ा जंक्शन, नेल्लूर, निडढवोलु, ओंगोल, पाकला, पलासा, पार्वतीपुरम, पिडुगुरल्ला, पीलर, राजमपेट, राजमंड्री, रायनपाडु, रेणिगुंटा, रेपल्ले, समालकोट, सत्तनपल्ली, सिम्हाचलम, सिंगारायकोंडा, श्री कालहस्ती, श्रीकाकुलम रोड, सूल्लूरपेटा, ताडेपल्लीगुडेम, ताडिपत्रि, तेनाली, तिरुपति, तुनी, विजयवाड़ा, विनुकोंडा, विशाखापत्तनम, विजयानगरम जं |
| 2 | ओड़िशा | अंगुल, बादामपहाड़, बलांगीर, बालासोर, बालुगाँव, बरबिल, बरगढ़ रोड, बारीपदा, बारपाली, बेलपहाड़, बेतनटी, भद्रक, भवानीपटना, भुवनेश्वर, बिमलगढ़, ब्रह्मपुर, ब्रजराजनगर, छत्रपुर, कटक, दमनजोड़ी, ढेंकानाल, गुनुपुर, हरिशंकर रोड, हीराकुंड, जाजपुर-क्योंझर रोड, जलेश्वर, जरोली, जेपोर, झारसुगुड़ा, झारसुगुडा रोड, कंटाबांजी, केंदुझारगढ़, केसिंगा, खरियार रोड, खोर्धा रोड, कोरापुट, लिंगराज टेम्पल रोड, मंचेश्वर, मेरामंडली, मुनिगुड़ा, न्यू भुवनेश्वर, पंपोश, पारादीप, परालाखेमुंडी, पुरी, रघुनाथपुर, रायराखोल, रायरंगपुर, राजगंगपुर, रायगडा, राउरकेला, सखी गोपाल, संबलपुर, संबलपुर सिटी, सोरो, तालचेर, तालचेर रोड, टिटलागढ़ जंक्शन। |